मुंबई (महाराष्ट्र) से प्रकाशित

हिन्दी दैनिक

# उत्तरशक्ति

हर खबर निष्पक्षता के साथ

मुंबई
वर्षः 7 अंक 274
शनिवार, 26 अप्रैल 2025
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshaktinews.com

## भारत के विजन 2047 का लक्ष्य देश को नवाचार, सतत विकास के केंद्र में बदलना : प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्ली, 25 अप्रैल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत के विजन 2047 का लक्ष्य देश को नवाचार, सतत विकास और समावेशिता के केंद्र में बदलना है, जहां हर नागरिक उच्च गुणवत्ता वाला जीवन जी सके और देश की प्रगति लोगों पर केंद्रित और धरती के अनुकूल हो।

प्रधानमंत्री का संदेश यहां तीन-दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में पढ़ा गया। उन्होंने अपने संदेश में कहा, यह विजन केवल आर्थिक प्रकृति का नहीं है, बल्कि हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के साथ-साथ नवाचार और आधुनिकता को अपनाने पर गर्व करता है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से संबद्ध स्वदेशी जागरण मंच (एसजेएम) की इकाई स्वदेशी शोध संस्थान ने विभिन्न



राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक संस्थानों के सहयोग से सम्मेलन का आयोजन किया है, जिसका उद्देश्य विकास के भारतीय मॉडल के आधार पर 2047 की ओर भारत की विकास यात्रा के लिए दूरदर्शितापूर्ण अंतर्दृष्टि और रणनीतिक मार्ग तैयार करना है। प्रधानमंत्री ने विजन 2047: समृद्ध और महान भारत विषय पर सम्मेलन के आयोजन की सराहना की और इसे एक विचारशील पहल बताया तथा इसकी सफलता की कामना की। उन्होंने अपने संदेश में कहा, भारत 2047 में अपनी स्वतंत्रता की शताब्दी मनाने जा रहा है, इसलिए हमारा विजन एक ऐसे भविष्य से प्रेरित है जो समृद्ध, आत्मनिर्भर, समावेशी और विश्वस्तर पर सम्मानित हो। उन्होंने कहा कि इस तरह का विजन भारत को नवाचार, सतत विकास और समावेशिता के केंद्र में बदलने की आकांक्षा रखता है, जहां हर नागरिक उच्च गुणवत्ता वाला जीवन जी सके और राष्ट्र की प्रगति लोगों पर केंद्रित और धरती के अनुकूल हो। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2047 के लिए भारत का विजन सिर्फ एक मंजिल नहीं है, बल्कि मजबूत, विकसित और समावेशी भारत के निर्माण की सतत यात्रा है। उन्होंने कहा, प्रेरित युवाओं और सशक्त संस्थानों के माध्यम से, भारत एक ऐतिहासिक परिवर्तन हासिल करने के लिए तैयार है।

## उच्चतम न्यायालय ने यूजीसी को रैगिंग, भेदभाव पर मसौदा नियम अधिसूचित करने की दी अनुमति

**नई दिल्ली, 25 अप्रैल।** उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) को वर्ष 2025 के मसौदा नियम को अधिसूचित करने की अनुमति दे दी। ये नियम उच्च शिक्षण संस्थानों में रैगिंग, यौन उत्पीड़न और जाति, लिंग, दिव्यांगता तथा अन्य पूर्वाग्रहों के आधार पर भेदभाव को मिटाने के लिए हैं।



न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने 24 मार्च के फैसले पर गौर किया, जिसमें ऐसे संस्थानों में छात्रों की आत्महत्या के मामलों पर विचार किया गया था और ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए छात्रों की मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं को दूर करने की खातिर एक राष्ट्रीय कार्य बल (एनटीएफ) का गठन किया गया था। पीठ ने कहा, इसके मद्देनजर, हम यह स्पष्ट करना उचित समझते हैं कि यूजीसी मसौदा विनियम 2025 को अंतिम रूप देने के लिए आगे बढ़ सकता है और उसे अधिसूचित कर सकता है।

अदालत ने कहा कि, जैसा कि इस अदालत ने अमित कुमार के मामले में (24 मार्च के फैसले में) कहा था, ये नियम एनटीएफ की सिफारिशों के अतिरिक्त हैं। पीठ एक जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें कहा गया था कि एनटीएफ की सिफारिशों और शीर्ष अदालत द्वारा विचार किए जाने तक, याचिकाकताओं या किसी जनहितैषी व्यक्ति को यूजीसी द्वारा अधिसूचित किए जाने वाले नियमों में उपयुक्त चीजें जोड़ने या हटाने का सुझाव देने के लिए उचित याचिका दायर करने की स्वतंत्रता होनी चाहिए। शीर्ष अदालत ने कहा कि यह कहने की जरूरत नहीं है कि ऐसे सुझावों पर विचार किया जाएगा।

## विपक्ष ने सरकार को कोई भी कदम उठाने के लिए समर्थन दिया : राहुल गांधी

**नई दिल्ली, 25 अप्रैल।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने यहां सर्वदलीय बैठक के बाद कहा कि विपक्ष ने पहलगाम आतंकवादी हमले को लेकर सरकार को कोई भी कदम उठाने के लिए अपना पूरा समर्थन दिया है। राहुल ने संवाददाताओं से कहा, सभी दलों ने (पहलगाम हमले की) एक स्वर में निंदा की। विपक्ष ने सरकार को कोई भी कदम उठाने के लिए समर्थन दिया। सरकार ने बृहस्पतिवार को यहां सर्वदलीय बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं को पहलगाम आतंकवादी हमले की जानकारी दी और उनके विचार सुने।

सरकार की ओर से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित



शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर, विदेश मंत्री निर्मला सीतारमण और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीरीजू बैठक में मौजूद थे।

राजनाथ की अध्यक्षता में हुई बैठक में राज्यसभा में सदन के नेता जेपी नड्डा, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी शामिल थे। इससे पहले, विपक्ष ने मांग की थी कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बैठक की अध्यक्षता करें।

मोदी बृहस्पतिवार को बिहार के मधुबनी के दौरे पर थे, जहां उन्होंने घोषणा की कि पहलगाम के हत्यारों और उनके समर्थकों की पहचान कर उन्हें दंडित किया जाएगा। सर्वदलीय बैठक के एक दिन पहले सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ कई कदमों की घोषणा की थी। आतंकवादियों ने मंगलवार दोपहर कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर गोलीबारी की, जिसमें 26 लोगों की मौत हो गई।

## उत्तर प्रदेश में 1000 से अधिक पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान, निर्वासन प्रक्रिया हुई शुरू

**लखनऊ, 25 अप्रैल।** भारत ने पहलगाम आतंकवादी हमले के मद्देनजर बुधवार को पाकिस्तान को कड़ा संदेश देते हुए उसके साथ राजनयिक संबंधों में व्यापक कटौती, छह दशक से ज्यादा पुरानी सिंधु जल संधि स्थगित करने और अटारी चौकी को बंद किए जाने समेत कई फैसले किए। पहलगाम में नृशंस हमले में 26 लोगों की मौत के एक दिन बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में सुरक्षा संबंधी कैबिनेट समिति (सीसीएस) की बैठक हुई, जिसमें इस कायरतापूर्ण हमले के प्रति भारत के जवाबी कदमों को अंतिम रूप दिया गया तथा सुरक्षा बलों को उच्च सतर्कता बनाए रखने का निर्देश दिया गया। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए घातक



आतंकवादी हमले के बाद भारत सरकार ने पाकिस्तान पर आतंकवाद को वित्तपोषित करने का आरोप लगाते हुए उसके खिलाफ अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। निर्वासन की प्रक्रिया शुरू हो गई है, और सरकार की प्रतिक्रिया के तौर पर पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किए गए सभी वीजा रद्द कर दिए गए हैं। प्रभावित पाकिस्तानियों में से कई वाघा सीमा पार करके अपने वतन लौटने लगे हैं। इस बीच, उत्तर प्रदेश राज्य ने भी राज्य में रहने वाले पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान करने और उन्हें निर्वासित करने की तैयारी शुरू कर दी है।

उत्तर प्रदेश पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार, वर्तमान में राज्य में 1,000 से 1,200 पाकिस्तानी नागरिक रह रहे हैं। हालांकि केंद्र सरकार का आधिकारिक निर्वासन आदेश अभी प्राप्त नहीं हुआ है, लेकिन निर्देश जारी होते ही प्रत्यावर्तन प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी चल रही है।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने पुष्टि की, राज्य में पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान करने की प्रक्रिया पहले ही शुरू हो चुकी है। एक बार जब हमें केंद्र से अंतिम निर्देश मिल जाते हैं, तो हम उन्हें वापस भेजने के लिए तदनुसार कार्रवाई करेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने व्यक्तिगत रूप से सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से संपर्क किया है, उन्हें अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान करने और उनके शीघ्र निर्वासन को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। शाह ने त्वरित कार्रवाई करने और यह सुनिश्चित करने के महत्व पर जोर दिया कि वर्तमान में भारत में मौजूद पाकिस्तानी नागरिक बिना किसी देरी के अपने देश लौट आएं। विदेश मंत्रालय ने घोषणा की है कि पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किए गए सभी वैध वीजा 27 अप्रैल, 2025 से निरस्त कर दिए जाएँगे। हालाँकि, मेडिकल वीजा को थोड़े समय के लिए बढ़ाया गया है और यह 29 अप्रैल, 2025 तक वैध रहेगा। भारत में सभी पाकिस्तानी नागरिकों को अपने वीजा की वैधता समाप्त होने से पहले ही भारत छोड़ देना चाहिए।

ये घटनाक्रम 22 अप्रैल को पहलगाम के बैसरन मैदान में हुए आतंकी हमले के बाद हुए हैं, जिसमें 26 पर्यटकों की जान चली गई थी।

## ओलेक्ट्रा ने लॉन्च किया जीएफआरपी रीबारः स्टील का बेहतर विकल्प

**हैदराबाद।** ओलेक्ट्रा ने एमईआईएल बजट मीट के दौरान जीएफआरपी रीबार (ग्लास फाइबर प्रबलित पॉलिमर रीबार) लॉन्च किया है। यह कंक्रीट सुदृढीकरण में एक बड़ी तकनीकी सफलता मानी जा रही है। इस नए उत्पाद को एमईआईएल के प्रबंध निदेशक श्री पी.वी. कृष्ण रेड्डी ने लॉन्च किया।

जीएफआरपी रीबार की विशेषताएंः - स्टील से दोगुना मजबूतः 950-1100 टढं की ताकत- स्टील से चार गुना हल्काः आसानी से हैंडल और ट्रांसपोर्ट किया जा सकता है

- जंगरोधी, गैर-चुंबकीय और जल-प्रतिरोधीः लंबे समय तक चलने वाला उत्पाद

- पर्यावरण के अनुकूलः स्टील का आदर्श विकल्प




ओलेक्ट्रा के सीएमडी का बयानः

ओलेक्ट्रा के सीएमडी के.वी. प्रदीप ने कहा, श्यह उत्पाद इंफ्रास्ट्रक्चर उद्योग में क्रांति लाएगा। यह लागत बचत, कम रखरखाव और लंबी उम्र प्रदान करता है। इसके उपयोग से निर्माण परियोजनाओं में नए मानक स्थापित होंगे।

उपयोगः जीएफआरपी रीबार को समुद्री प्रोजेक्ट्स, सड़क, ब्रिज डेक और औद्योगिक निर्माण में इस्तेमाल किया जा सकता है। यह स्टील की तुलना में ज्यादा टिकाऊ और भरोसेमंद है ।

ओलेक्ट्रा के बारे मेंः टएक्छ समूह का हिस्सा, ओलेक्ट्रा, 2000 में स्थापित हुई। यह भारत में इलेक्ट्रिक बसों की शुरूआत करने वाली पहली कंपनी है। अब रीबार के साथ, ओलेक्ट्रा ने इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में कदम रखा है।

## दार्जिलिंग की पहाड़ियों में टॉय ट्रेन का इंजन पटरी से उतरा, कोई हताहत नहीं

**दार्जिलिंग।** दार्जिलिंग जिले के सुकना के निकट शुक्रवार को दार्जिलिंग हिमालयन रेलवे टॉय ट्रेन का इंजन पटरी से उतर गया। रेलवे अधिकारियों ने यह जानकारी दी। चालक या उसके सहायक को किसी प्रकार की चोट आने की कोई सूचना नहीं है।

उन्होंने बताया कि इंजन न्यू जलपाईगुड़ी से कुर्सियांग जा रहा था तभी सुकना के पास यह अचानक पटरी से उतर गया और बगल से गुजरती सड़क पर जा गिरा। एक अधिकारी ने बताया कि इंजन के पटरी से उतरने के पीछे ब्रेक फेल होना कारण हो सकता है, लेकिन जांच से ही वास्तविक कारण का पता चल सकेगा।वरिष्ठ रेलवे अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं और इंजन को फिर से पटरी पर लाने का काम जारी है।









# शाही अटाला मस्जिद के बाहर नमाजियों ने पहलगाम के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। पहलगाम में मारे गए शहीदों को आज जुमे की नमाज के बाद शाही अटाला मस्जिद के बाहर ताजीयती जलसे में श्रृद्धांजलि दी गयी। और




भारत सरकार से मांग की गयी की दहशतगर्दो के साथ कोई भी रियायत ना की जाये।कार्यक्रम संयोजक मरकजी सीरत कमेटी के पूर्व अध्यक्ष हफीज शाह ने कहा की पहलगाम की घटना से पूरी दुनिया के अमन पसंद लोग मर्माहत हैं इसलिए भारत सरकार को पहल करते हुए पूरी दुनिया से दहशत गर्दी खत्म करने के लिए पहल करनी चाहिए।वरिष्ठ नेता रुखसार अहमद ने इसे कायरता पूर्ण घटना करार देते हुए कहा की इस कृत्य की जितनी निंदा की जाये वह कम है। सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद आसिम ने कहा की यह कृत्य माफी के काबिल नहीं है इसकी हम सब मुखाल्फत करते हैं।समाज सेवी एजाज अहमद ने कहा की पूरा देश इस वक्त एक है सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर खड़ा है इसलिए सरकार को कोई ठोस फैसला इनके खिलाफ लेना चाहिए। आखिर में मौलाना आफाक ने दुआ के जरिये प्रोग्राम को खत्म कराते हुए मुल्क में भाई चारगी मोहब्बत बनी रहे और दहशतगर्द का खात्मा मुल्क से हो इसके लिए खास तौर से दुआ कराई गयी। इस मौके पर शाही अटाला मस्जिद के अध्यक्ष जावेद महमूद, सपा महासचिव आरिफ हबीब, अब्दुल्लाह सिद्दीकी, मेराज अहमद, साकिब अहमद, शाद, साजिद सिद्दीकी, लाल मोहम्मद बब्लु समेत सैकड़ो की संख्या में नमाजी मौजूद रहे।

# पुलिस अधीक्षक ने साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर कराया बलवा ड्रिल



जौनपुर (उत्तरशक्ति)।पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा शुक्रवार साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर कराया गया बलवा ड्रिल। आज दिनांक-25.04.2025 को पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा पुलिस लाइन जौनपुर परेड ग्राउंड पर शुक्रवार के परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया।तत्पश्चात जवानों को शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए दौड़ लगवायी गयी तथा बलवा ड्रिल का अभ्यास कराकर बलवा ड्रिल के दौरान की जाने वाली कार्यवाही के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी।

# पहलगाम में आतंकवादी हमले के दोषियों को कड़ी सजा दी जाये: सै.अमानत



जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जनपद के युवा समाजसेवी सै.अमानत ने कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की और हमले में मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की।अमानत ने पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले की निंदा करते हुए कहा कि यह कायराना हमला हिंदुस्तान को कमजोर नहीं कर सकता।आतंकवादी हमें डराना चाहते हैं ताकि कश्मीर में अशांति को बढ़ावा दिया जा सके। निश्चित रूप से हमारी सेना और सरकार इस हमले के दोषियों से कड़ा बदला लेगी। उन्होंने कहा कि अगर यह साबित होता है कि इस हमले में पाकिस्तान का हाथ है तो उसे कड़ी सजा मिलनी चाहिए।' अमानत ने कहा कि हम प्रार्थना करते हैं कि इस हमले में जो लोग घायल हुए हैं वे जल्द से जल्द ठीक हो जाएं।अमानत ने अपने बयान में कहा कि आतंकवाद को खत्म करने के लिए दुनिया को दोहरे मापदंड छोड़ने होंगे। गाजा में इजरायल जो कर रहा है वह भी खुला आतंकवाद है और उसकी भी निंदा की जानी चाहिए। नेतन्याहू छोटे छोटे मासूम बच्चों का हत्यारा है, उसे भी आतंकवादी माना जाए।

# ड्रैगन फ्रूट की खेती पर अब हुआ अनुदान 2.70 लाख

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जिला उद्यान अधिकारी ने अवगत कराया है कि जनपद मे नवाचार की राह पर कदम बढ़ाते हुए ड्रैगनफ्रूट की खेती शुरू की गयी है। ड्रैगन फ्रूट को इजराइल एवं वियतनाम जैसे देशों में उगाई जाने वाले इस फसल को जनपद के विकासखंड मछलीशहर, बदलापुर, मुफ्तीगंज के किसानों ने अपनाया है इस फसल मे कम लागत व अधिक मुनाफा होने के साथ रोग प्रतिरोधक क्षमता भी अधिक होती है।ड्रैगनफ्रूट के पौधे को आवारा पशु भी नुकसान नही पहुँचाते है।ड्रैगन के पौधे एक बार लगाने से 25 से 30 साल तक उत्पादन मिलता है यह इम्यूनिटी बूस्टर का अच्छा विकल्प माना जाता है। एक ड्रैगनफ्रूट की कीमत बाजार मे 100 से 150 रू0 तक पहुंचती है मछलीशहर ब्लाक के ग्राम घिसुआखुर्द के प्रतीक कुमार गुप्ता, विकासखंड बदलापुर ग्राम तियरा के कृषक तिलकधारी और विकासखंड मुफ्तीगंज ग्राम पसेवा के कृषक मोर्टसन मेसी एवं विकासखंड बदलापुर के ग्राम तियरा के किसान बृजेश यादव ने 1195 लाल गुदा वाले पौध लगाकर जनपद मे नवाचार का उदाहरण पेश किया है। उन्होने गुजरात से पौध खरीदी और अप्रैल मे यह खेती शुरू किया। बृजेश यादव पिछले 1 वर्षो से ड्रैगनफ्रूट की खेती कर रहे है। इसके अतिरिक्त अन्य कई किसान प्रयोग के तौर पर छोटे पैमाने पर ड्रैगनफ्रूट लगा रहें है इस फसल से जून से लेकर दिसम्बर तक उत्पादन होता है। ड्रैगनफ्रूट की खेती कम लागत और अधिक मुनाफे का उदाहरण बन रही है। कमलम की खेती हेतु, उद्यान विभाग एक हेक्टेयर पर 30 हजार रुपए का अनुदान भी दे रहा था ड्रैगेनफ्रूट की खेती पर अधिक लागत देखते हुए केन्द्र सरकार ने 2025 से सब्सिडी की राशि बढ़ा कर प्रति प्रति हे0 2.70 लाख रू0 कर दिये है प्रति पिलर पर 4 पौधे लगाये जाते है इस पर करीब 800 सौ रुपए खर्च आता है तथा 15 से 20 टन प्रति हे0 फल निकलता है। ड्रैगनफ्रूट की खेती व्यवसायिक बन रही है क्योंकि मार्केट मे इसका अच्छा दाम मिलता है जिससे ड्रैगनफ्रूट की खेती करके किसान भाई अच्छा मुनाफा कमा सकते है इससे ना केवल फल बल्कि इसकी कटिंग करके ड्रैगनफ्रूट की नर्सरी भी तैयार कर सकते है यह पहल अन्य कृषको को भी इस फसल के तरफ आकर्षित एवं प्रेरित कर रही है। इच्छुक कृषक आधार कार्ड, बैंक पासबुक, खतौनी व फोटो लेकर जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय मे प्रभारी मिशन जशपाल सिंह मों नं0-9455112600 से सम्पर्क कर योजना का लाभ ले सकते है।

# ख्याति सिंह ने किया काशी को गौरवान्वित, वाराणसी में प्रथम और प्रदेश में बनाया टॉप 10 में स्थान



-डॉ.एस.के.मिश्र

वाराणसी(उत्तरशक्ति)।उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल परीक्षा का परिणाम आते ही छात्र-छात्राओं में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। इस बार कक्षा 10वीं की छात्रा ख्याति सिंह ने जिले में टॉप कर नया कीर्तिमान रच दिया है। 96.67% अंक पाकर ख्याति ने न सिर्फ वाराणसी में प्रथम स्थान हासिल किया, बल्कि पूरे प्रदेश में आठवां स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। खुशहाल नगर निवासी ख्याति सिंह एक साधारण परिवार से ताल्लुक रखती हैं। उनके पिता संजय कुमार सिंह, एक निजी फर्म में अकाउंटेंट हैं, जबकि उनकी मां कंचन सिंह एक गृहिणी हैं। ख्याति अपने माता-पिता की इकलौती संतान हैं, और उन्होंने अपने माता-पिता तथा स्कूल के चेयरमैन डॉ ए.के. सिंह के मार्गदर्शन और आशीर्वाद को अपनी सफलता का मूल मंत्र बताया है।

# व्यापार मंडल ने श्रद्धांजलि सभा आयोजित किया



जौनपुर (उत्तरशक्ति)। उद्योग व्यापार मंडल ने गल्ला मंडी स्थित कैंप कार्यालय पर पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा निहत्थे पर्यटकों की हत्या करने पर इस अमानवीय कार्य के लिए व्यापार मंडल के पदाधिकारी ने घोर निंदा किया।जिला अध्यक्ष दिनेश टंडन ने आतंकवादियों के इस कार्य को कायरतापूर्ण, क्षमा नहीं करने योग्य और घोर निंदनीय कार्य बताया और उम्मीद जताया कि जल्द से जल्द इन आतंकवादियों को भारत सरकार और हमारी सेना कठोर सजा देगी।नगर अध्यक्ष राधेरमण जायसवाल ने पाकिस्तान द्वारा पोषित आतंकवादियों के इस कार्य को मानवता को शर्मसार करने वाली घटना बताया।प्रदेश उपाध्यक्ष सोमेश्वर केसरवानी ने इस अमानवीय कार्य की निंदा करते हुए सरकार से आतंकवादियों पर जल्द से जल्द कठोर कार्रवाई करने का आग्रह किया।श्रद्धांजलि सभा में मनोज कुमार साहू, मुन्ना लाल अग्रहरी, विजय जायसवाल, ज्ञानेंद्र साहू, धर्मेंद्र अग्रहरी, योगेश साहू, शिवम बरनवाल, चेतन टंडन, संतोष साहू बच्चा, दीपक गुप्ता, रितेश साहू, राकेश जायसवाल, अमर जौहरी,कृष्णा सेठ, वीरेंद्र गुप्ता, ताऊजी आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे संचालन नगर अध्यक्ष राधेरमण जायसवाल ने किया आभार नगर महामंत्री मनोज कुमार साहू ने व्यक्त किया।

# सराहनीय रहा मिर्जा अनवर बेग इण्टर कॉलेज का रिजल्ट

## छात्राओं का रहा दबदबा, मारी बाजी

खेतासराय, जौनपुर (उत्तरशक्ति)। उत्तर- प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने शुक्रवार को 10वीं और 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए। इस वर्ष छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित किए। परिणामों के अनुसार, कुल मिलाकर छात्राओं का प्रदर्शन एक बार फिर से छात्रों से बेहतर रहा। खेतासराय-शाहगंज मुख्य मार्ग पर स्थित मिर्जा अनवर बेग इण्टर कॉलेज उसरहटा में 10वीं कक्षा में 86.66% विद्यार्थी सफल हुए, वहीं 12वीं कक्षा का कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 72.55% रहा। लड़कियों ने दोनों ही वर्गों में टॉप स्थानों पर कब्जा जमाया और मेरिट लिस्ट में अपना दबदबा कायम रखा।कॉलेज के मेरिट लिस्ट में 10वीं कक्षा में आदिला शेख ने 82.20% इकरा जावेद ने 78.20% व अल्फी जहाँगीर 77.20% के साथ क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रही। जबकि 12वीं विज्ञान वर्ग से उमेरा सुहेल ने 81% साबरीन बानो ने 78.60% व नेदा ने 76% के साथ क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल की जबकि कला वर्ग से अयान खान ने 76%, बुशरा उस्मान ने 74.60% व इरम फात्मा ने 72.20% हासिल कर क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रही।वही इमरानगंज स्थित नूरजहाँ गर्ल्स हॉयर सेकेंड्री स्कूल की 10वीं कक्षा में समीरा ने 79% व शाहजीन शेख ने 76.60% प्राप्त किया। कॉलेज परिवार ने कक्षा में स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को माला पहनाकर मिठाई खिलाया और सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी बिद्यालय के प्रबंधक परवेज आलम भुट्टू ने कहा कि यह मेहनत और अनुशासन का परिणाम है। साथ ही उन्होंने असफल विद्यार्थियों से निराश न होने की अपील करते हुए कहा कि आगे और भी अवसर मिलेंगे।

# बीएचयू के डेयरी में कर्मचारी ने फंदे से लटककर दी जान

वाराणसी(उत्तरशक्ति)। जनपद के बीएचयू के डेयरी में एक कर्मचारी ने फंदे से लटककर आत्महत्या कर लिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की तो मौके से सुसाइड नोट बरामद हुआ। मामले को लेकर पुलिस जांच में जुटी है। दिलीप राय (41) ने शुक्रवार की सुबह फंदे से लटककर खुदकुशी कर ली। मौके से सुसाइड नोट बरामद हुआ है। बताया जा रहा है कि पाइल्स समेत कई स्वास्थ्य समस्याओं के चलते वह तनाव में था। दिलीप दैनिक वेतन भोगी के तौर पर काम करता था। वह रोहनिया स्थित कंदवा अमरा खैरा चक के निवासी था। साथ में पत्नी और एक बच्चा रहता था।

# भीमराव अंबेडकर का नाम आते ही भारतीय संविधान का जिक्र अपने आप आ जाता है: शंकर गिरी

*** बाबा साहब ऐसे धर्म को मानते थे जो स्वतंत्रता, समानता और आपसी भाईचारा सिखाता है: रमेश सिंह**

*** बाबा साहेब का मानना था कि जीवन लंबा होने के बजाय महान होना चाहिए: पुष्पराज सिंह**



जौनपुर(उत्तरशक्ति)। भारतीय जनता पार्टी जौनपुर की संगोष्ठी जिला कार्यालय पर डाक्टर भीमराव अम्बेडकर के याद मे आयोजित हुआ जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने की और मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री शंकर गिरी और विशिष्ट अतिथि के रूप मे प्रदेश पंचायत प्रकोष्ठ के संयोजक रमेश सिंह उपस्थित रहे।

सर्वप्रथम पार्टी के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पं0 दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर माल्यार्पण किया तथा श्रद्धासुमन अर्पित कर व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

मुख्य अतिथि शंकर गिरी ने कहा कि बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर का जीवन संघर्ष और सफलता की ऐसी अद्भुत मिसाल है। जो शायद ही कहीं और देखने को मिले डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का नाम आते ही भारतीय संविधान का जिक्र अपने आप आ जाता है। सारी दुनिया आमतौर पर उन्हें या तो भारतीय संविधान के निर्माण में अहम भूमिका के नाते याद करती है या फिर भेदभाव वाली जाति व्यवस्था की प्रखर आलोचना करने और सामाजिक गैर बराबरी के खिलाफ आवाज उठाने वाले योद्धा के तौर पर जाने जाते है। विशिष्ट अतिथि रमेश सिंह ने कहा कि बाबा साहब ऐसे धर्म को मानते थे जो स्वतंत्रता, समानता और आपसी भाईचारा सिखाता है। ऐसे हमारे प्रेरणा स्त्रोत थे बाबा साहब जिनको आज पूरी दुनिया याद कर रही है। उन्होंने लाखों युवाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। संगोष्ठी में जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने कहा कि अंबेडकर साहब की एक बात हमेशा उनके जेहन में होती है कि वह कहते थे कि यदि हम एक संयुक्त एकीकृत आधुनिक भारत चाहते हैं तो सभी धर्मो के शास्त्रों की संप्रभूता का अंत होना चाहिए। बाबा साहेब का मानना था कि जीवन लंबा होने के बजाय महान होना चाहिए। उक्त अवसर पर राकेश वर्मा, मनोरमा मौर्य, विजय लक्ष्मी साहू सिद्दार्थ सिंह साहित तमाम बुद्धजीवी वर्ग उपस्थित रहा।

# 14 सूत्रीय मांगों को लेकर 1 मई को देंगे बीएसए कार्यालय पर शिक्षक धरना

## शिक्षक समस्याओं के निराकरण के लिए सिर्फ संघर्ष एक मात्र विकल्प: अरविंद



जौनपुर(उत्तरशक्ति)। शिक्षकों की लंबित समस्याओं एवं मांगो को लेकर प्रदेश कार्यसमिति के निर्णयोपरांत उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ बीएसए कार्यालय पर 1 मई 2025 को धरना प्रदर्शन करेगा और इन समस्याओं के अविलंब निराकरण हेतु जिलाधिकारी जौनपुर के माध्यम से उसी दिन माननीय मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन भी भेजेगा । उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जौनपुर के जिला अध्यक्ष अरविंद शुक्ला ने बताया कि इससे संबंधित उपर्युक्त विषयक सूचना आज जिला प्रशासन को दे दी गई है ।जिसमें 01 मई 2025 को प्रदेश के सभी बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय की भांति जौनपुर के जिला बेसिक शिक्षा कार्यालय पर 10 बजे से 2 बजे तक शिक्षकों द्वारा अवकाश लेकर धरना दिया जाएगा ।बेसिक शिक्षकों के 14 सूत्रीय मांगों में मुख्य रूप से 2004 के बाद नियुक्त सभी शिक्षकों की पुरानी पेंशन की बहाली , मेमोरेंडम के बावजूद 2004 विशिष्ट बीटीसी बैच एवं बीटीसी शिक्षकों को पुरानी पेंशन की बहाली , वर्षों से लंबित पदोन्नति की प्रक्रिया को शीघ्र संपादित करना, सभी प्रकार के अंतर्जनपदीय एवं अंतः जनपदीय स्थानांतरण , सभी शिक्षकों के लिए सामूहिक बीमा 10 लाख करना , विद्यालय संचालन अवधि टाइम एवं मोशन के अनुसार ग्रीष्म कालीन प्रातः 7:00 बजे से 12:00 तक कार्यअवधि ( 5 घंटे किया जाना ) , विकलांग शिक्षको हेतु दिव्यांग वाहन भत्ता हेतु आदेश निर्गत करना आदि मांगे शामिल है। जिलाध्यक्ष अरविंद शुक्ल ने कहा कि शिक्षकों की समस्याएं काफी दिनों से लंबित है, जिसका निराकरण न होने से शिक्षक आक्रोशित है । इसको लेकर प्राथमिक शिक्षक संघ के पास संघर्ष के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है । शिक्षकों ने आगामी 1 मई को बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर विशाल धरना प्रदर्शन का निर्णय लिया है । जिला मंत्री रवि चंद्र यादव ने कहा कि 1 मई 2025 को सभी ब्लॉकों के शिक्षक पदाधिकारी अपने ब्लॉक के बैनर के साथ सैकड़ों की संख्या में धरना में शामिल होकर अपनी आवाज को बुलंद करें। कोषाध्यक्ष रामदुलार ने कहा कि शिक्षकों के हित में संघर्ष जारी रहेगा जब तक कि मांगे नहीं मानी जाती है। शिक्षको के प्रति सरकार अपनी हठधर्मिता छोड़े ।इस अवसर पर समस्त परिषदीय शिक्षकों से अपील की गई कि वे अपनी मांगों के लिए अधिक से अधिक संख्या में अवकाश लेकर धरना में पहुंचे ।

# हादसे में टेम्पों खांई में गिरी, सात घायल, अर्टिका चालक वाहन छोड़ कर फरार

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। कुत्ते को बचाने के चक्कर में अनियत्रित हुई अर्टिका ने टेम्पो को टक्कर मार दिया जिससे टेम्पो खांई में गिर गयी। इस हादसे में में 7 लोग घायल हो गये जबकि तीन की हालत गंभीर बनी है। अर्टिका चालक वाहन छोड़ कर फरार हो गया। शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के बलुआघाट के पास शुक्रवार की सुबह कुत्ता बचाने के चक्कर में अर्टिका अनियंत्रित हो गई और सामने से टेम्पो को जोरदार टक्कर मार दी और टेम्पो गहरी खाई में गिर गई जिसमें 7 लोग बुरी तरह से घायल हो गए और 3 की हालत गंभीर बनी हुई है। घायलों में प्रदीप यादव 40 वर्ष संदीप 35 वर्ष राजकुमारी 32 वर्ष सरिता 14 वर्ष युवराज 8 वर्ष दर्पण 10 वर्ष शीतल 12 वर्ष यह सभी घायल गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के पचोरा गांव के निवासी हैं। यह पूरा परिवार मुंबई से वाराणसी ट्रेन से आया और वाराणसी से रोडवेज से बस से जौनपुर रोडवेज आया रोडवेज से टेम्पो पकड़ा और अपने ग्राम पचोरा के लिए निकाला था जैसे ही टेम्पो रिवरव्यू होटल बलुआघाट के पास पहुंची दोनो की जोरदार टक्कर हो गई जिसमें ऑटो गहरी खाई में गिर गई और चीख पुकार मचने लगी, लोगों के द्वारा एम्बुलेंस से जिला अस्पताल लाया गया जहां पर घायलों का उपचार हो रहा है।

# जेसीआई जौनपुर ने दिव्यांग स्कूल बक्शा को लिया गोंद




बक्शा, जौनपुर(उत्तरशक्ति )।आज अंतरराष्ट्रीय सामाजिक संस्था जेसीआई जौनपुर के जिला अध्यक्ष नीरज श्रीवास्तव के द्वारा हर्षिता इंटरनेशनल दिव्यांग स्कूल बक्शा जौनपुर को गोंद लिया गया मुख्य अतिथि के रूप में पीजेडपी आलोक सेठ जी रहे साथ में पूर्व अध्यक्ष संजय गुप्ता, जेसी रंजीत सिंह सोनू जेसी डॉ प्रमोद कुमार सैनी रहे कार्यक्रम का संचालन सचिव जेसी सतीश कुमार जयसवाल ने किया मुख्य अतिथि आलोक सेठ ने दिव्यांग बच्चों को बताया कि अपने आपको दिव्यांग ना समझे आपके अन्दर अनेक प्रतिभाएं छिपी हुई हैं मेहनत करिए सामान्य से आगे जा सकते हैं सफल हुए कई दिव्यांगजनों का उदाहरण भी दिए जिला अध्यक्ष नीरज श्रीवास्तव ने कहा कि ऐसे बच्चों को समाज की मुख्य धारा में लाना चाहिए जिससे ये भी अपना जीवन यापन अच्छे से कर सके इस संस्थान के प्रबन्धक विनोद कुमार माली से कहा है कि बच्चों को भोजन कपड़ा स्वास्थ परिक्षण ,उपकरण आदि सुविधा जेसीआई के द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा आज से इस संस्था को जेसीआई गोंद ले लिया गया है अब जेसीआई द्वारा हर सुविधा दिव्यांग बच्चों को उपलब्ध कराया जाएगा मौके पर संस्थान के प्रभारी प्रिंसिपल जितेंद्र प्रताप मौर्या, स्टॉप संदीप यादव , प्रदीप यादव, मनोज माली, सोनम यादव, मंजू प्रजापति, पूनम उपाध्याय, प्रिया उपाध्याय, भीमराज दिव्यांग बच्चे व उनके अभिभावक उपस्थित रहे।

# मीराब ने 91 प्रतिशत अंक पाकर बनी क्षेत्र की टॉपर



खेतासराय, जौनपुर (उत्तरशक्ति)। खेतासराय थाना क्षेत्र के सीधा जैगहा गांव निवासी मीराब ने हाईस्कूल की बोर्ड परीक्षा में 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। मीरब डॉक्टर वकील नजीर इण्टर कॉलेज मानीकलां की छात्रा है। उनकी इस उल्लेखनीय सफलता से न सिर्फ परिवार, बल्कि विद्यालय और पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। मीराब की मेहनत, लगन और अनुशासन का ही परिणाम है कि उसने यह बड़ी उपलब्धि हासिल की। पिता महताब आलम ने बेटी की सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं, विद्यालय प्रशासन और मैनेजर डा0 वकील अहमद व शिक्षकों ने भी मीराब को बधाई दी और उसके उज्ज्वल करियर की शुभकामनाएं दीं। मीराब की इस सफलता से क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनको बधाई एवं शुभकामनाएं देने वालों का सिलसिला जारी है। सफलता के बाद एक सवाल के जवाब में मीरब ने बताया कि वह मेहनत से पढ़ाई करके एक अच्छा डॉक्टर बनकर समाज का सेवा करना चाहती है।

# उधार गुटखा न देने पर पूरी दुकान ही फूंक दी, पेट्रोल छिड़का और लगा दी आग



आजमगढ़। कप्तानगंज थाना के चेवता बाजार में उधार गुटखा न देने पर दबंग ने मंगलवार की रात दुकान में पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। जिससे किराना और पान सामग्री व सैलून धू-धू कर जल गया। इस दौरान दुकान में रखी 13 हजार रुपये नकदी सहित दो लाख रुपये से अधिक का सामान जलकर राख हो गया। बुधवार की सुबह बाजार के लोग दुकान बंद कर थाना पहुंचे और कार्रवाई की मांग की। पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। कप्तानगंज थाना के चेवता गांव निवासी राजेश चौरसिया की चेवता बाजार में किराना और पान मसाला की दुकान है। पास में दिनेश शर्मा का सैलून है। मंगलवार को गांव का एक दबंग व्यक्ति राजेश चौरसिया की दुकान पर पहुंचा और उनसे उधार गुटखा मांगने लगा। दुकानदार ने कहा कि पहले का उधार दें, इसके बाद गुटखा मिलेगा। इस बात को लेकर दुकानदार ने उधार समान नहीं दिया तो दबंग व्यक्ति भड़क उठा और विवाद शुरू कर दिया। दबंग व्यक्ति ने जाते-जाते दुकान में आग लगाने की धमकी दी। प्रतिदिन की तरह रात में राजेश चौरसिया दुकान बंद कर घर पहुंचे तो दबंग ने दुकान में पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। कुछ ही देर में देखते-देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। पास में दिनेश शर्मा की दुकान में भी आग पकड़ लिया। दोनों दुकानें धू-धू कर जलने लगीं। बाजार के लेग आग बुझाने का प्रयास करते की पूरी दुकान जल कर राख हो गई। नाई की दुकान में रखा 13,000 रुपये नकद जल गए। दुकान में जले नोट दुकान में बिखरे हुए थे। किराना और पान मसाला कारोबारी राजेश का दो लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। घटना को लेकर बुधवार को बाजार के लोग आक्रोशित हो गए। दुकानें बंद कर दर्जनों की संख्या दुकानदार कप्तानगंज थाना पहुंच गए। आरोपित के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। कप्तानगंज थानाध्यक्ष विवेक पांडेय ने बताया कि घटना की तहरीर मिली है। मामले की जांच कर दोषी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# किसान जल्द करा लें क्रॉप इंश्योरेंस

आजमगढ़। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ किसानों को जागरूकता के अभाव में समय से नहीं मिल पाता है। जिले में लगभग आठ लाख, 50 हजार पंजीकृत किसान हैं। बावजूद इसके रबी सत्र 2024-25 में 35 हजार, 832 किसानों ने बीमा कराया है। प्रति हेक्टेयर 1,122 रुपये की दर से 47 लाख, 50 हजार रुपये बीमा की राशि जमा की है, जबकि खरीफ सत्र 2023-24 में 14,900 किसानों ने फसल बीमा कराया था। 70005.33 हेक्टेयर फसल का नुकसान हुआ था, जिसमें तीन हजार, 434 किसानों को एक करोड़, 45 लाख रुपये बीमित धनराशि मिली थी। रबी सत्र में 2023-24 में 15 हजार, 861 किसानों ने फसल बीमा कराया था। जिसका 33 लाख, 69 हजार रुपये बीमा राशि जमा की थी। 600 किसानों को 18 लाख रुपये का भुगतान किया गया था। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में अब तकनीक आधारित उपज आकलन प्रणाली (एस-टेक) को लागू करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। जिससे किसानों को परेशान नहीं होना पड़े। इसके माध्यम से ग्राम पंचायत स्तर पर उपज का सटीक आकलन संभव हो सकेगा। किसानों को फसलों का बीमा उपलब्ध कराने और ग्राम पंचायत स्तर पर फसलों के निरीक्षण की प्रक्रिया को और सुदृढ़ बनाने के लिए भी एस-टेक प्रणाली का उपयोग किया जा रहा है। राजस्व विभाग की ओर से फसलों की क्राप कटिंग कराई जाती है। इसके बाद क्लस्टर के आधार पर इसकी रिपोर्ट निदेशालय भेजी जाती है। रिपोर्ट की स्वीकृति होने पर बीमा कंपनियों को ब्योरा उपलब्ध कराया जाता है।

# रामपुर पुलिस द्वारा अपहरण करने वाले एक आरोपी को किया गया गिरफ्तार

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। थाना रामपुर पुलिस द्वारा अपहरण करने वाले एक आरोपी को किया गया गिरफ्तार ।पुलिस अधीक्षक जौनपुर के द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे।अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूँ के पर्वेक्षण में थाना रामपुर पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-68/2025 धारा 137(2), 87 बीएनएस से संबंधित वांछित अभियुक्त राहुल गौतम पुत्र अलदन गौतम निवासी सेमुहीडीह थाना रामपुर जनपद जौनपुर को बरसठी तिराहा से हिरासत पुलिस में लिया गया। गिरफ्तार शुदा आरोपी के विरुध्द आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए चालान संबंधित न्यायालय किया गया।

## लापरवाही व शिथिलता बरतने पर चार अधिकारियों का रोका वेतन

**आजमगढ़ (उत्तरशक्ति)।** मंडलायुक्त विवेक ने बुधवार को आयुक्त सभागार में मंडल में राजस्व वसूली, निमार्णाधीन परियोजनाओं और स्थानीय निकायों की प्रगति की समीक्षा की। देर शाम तक चली समीक्षा बैठकों में उन्होंने कार्यों में शासन की मंशा के अनुरूप प्रगति लाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। राजस्व वसूली की समीक्षा में मंडलायुक्त ने पाया कि बलिया में मंडी आय में मात्र 82.01 प्रतिशत उपलब्धि हासिल हुई, जिसके चलते जनपद की रैंकिंग 74वीं और ग्रेड ह्यई है। बार-बार निदेर्शों के बावजूद प्रभारी सचिव, मण्डी समिति बेल्थरोड और रसड़ा द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। मंडलायुक्त ने दोनों का एक दिन का वेतन रोकने और स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का आदेश दिया। इसी तरह, स्टाम्प व रजिस्ट्रेशन में बलिया की 77.16 प्रतिशत और 74वीं रैंक (डी ग्रेड) पर नाराजगी जताते हुए डीआईजी स्टाम्प को स्पष्टीकरण देने को कहा। सीआरओ बलिया को गेहूं खरीद में तेजी लाने और बिहार-बलिया बॉर्डर के लिए गठित समिति के लिए पुलिस अधीक्षक से समन्वय करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि डीएम की अनुमति के बिना कोई जनपदीय अधिकारी मुख्यालय न छोड़े।

## महिला पर्यटक की शिकायत पर संदिग्ध अरेस्ट

**जौनपुर (उत्तरशक्ति)।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में उत्तर प्रदेश के जौनपुर की रहने वाली एक महिला पर्यटक के दावे के आधार पर संदिगध को हिरासत में ले लिया है। सुरक्षा एजेंसियां आरोपी से पूछाताछ कर रही है। दरअसल, महिला ने स्केच जारी होने के बाद संदिग्ध की पहचान का दावा किया था। बता दें कि हमले से एक दिन पहले यानी 20 अप्रैल को वह बैसरन वैली घूमने गई थीं, जहां उनकी मुलाकात एक संदिग्ध व्यक्ति से हुई थी। महिला का कहना है कि यह व्यक्ति हूबहू उस संदिग्ध जैसा दिख रहा था, जिसकी तस्वीर जांच एजेंसियों द्वारा जारी की गई है। महिला ने बताया कि वह व्यक्ति उन्हें खच्चर की सवारी करा रहा था और बातचीत के दौरान अजीब सवाल पूछ रहा था। इन सवालों में यह पूछा गया कि क्या वह कभी अमरनाथ यात्रा या अजमेर दरगाह गई हैं और उनके दोस्त किस धर्म के हैं। महिला ने बताया कि उसने अमरनाथ यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन किया है, लेकिन यात्रा पर नहीं गई। इस पर संदिग्ध व्यक्ति ने कहा, आप रजिस्ट्रेशन मत कीजिए, बस तारीख बता दीजिए, हमारा आदमी लेने आ जाएगा। बातचीत के दौरान जब महिला ने उसका फोन नंबर मांगा तो उसने बहाना बनाते हुए कहा कि उसका फोन खराब है और बहुत आवाज करता है। तभी उसके फोन पर एक कॉल आई जिसमें कोडवड्र्स में बातचीत की गई। महिला ने कॉल में सुना ₹प्लान अ ब्रेक फेल, प्लान इ झ 35 बंदूकें भेजी हैं, घास में छुपी हैं। इसके बाद जब संदिग्ध को लगा कि महिला उसकी बातों को गंभीरता से सुन रही है, तो वह अपनी स्थानीय भाषा में बात करने लगा।

## अब बेटियों को शादी पर मिलेंगे 1 लाख रुपए-CM

**लखनऊ (उत्तरशक्ति)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का लाभ पाने के लिए निर्धारित दो लाख रुपये वार्षिक आय सीमा को बढ़ाकर 3 लाख रुपये करने की आवश्यकता जताई है। बता दें कि गुरुवार को समाज कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक में योगी ने कहा कि राज्य सरकार ने नए वित्तीय वर्ष से सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत पात्र नवविवाहित जोड़ों को 51 हजार रुपये के स्थान पर एक लाख रुपये करने का निर्णय लिया है। एक लाख रुपये की इस राशि में से 60 हजार रुपये कन्या के बैंक खाते में जमा किये जाएं, जबकि नवविवाहित जोड़े को 25 हजार रुपये के उपहार दिए जाने चाहिए, शेष 15 हजार रुपये वैवाहिक समारोह में व्यय किये जायें। मुख्यमंत्री ने इस व्यवस्था को तत्काल लागू करने के निर्देश दिए हैं। वहीं, वृद्धावस्था पेंशन की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि एक भी पात्र वृद्धजन, पेंशन से वंचित न रहें। योजना के और बेहतर क्रियान्वयन के लिए इसे फैमिली आईडी से जोड़ा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि फैमिली आईडी से जुड़ने के बाद पात्रता की श्रेणी का कोई भी निराश्रित वृद्धजन जैसे ही 60 वर्ष का होगा, उसे तत्काल पेंशन की राशि मिलने लग जाएगी।

## 13 गांवों में पंचायत भवन नहीं, घर बैठकर काम कर रहे प्रधान

**गाजीपुर (उत्तरशक्ति)।** जिले की 13 ग्राम पंचायतों पंचायत भवन का निर्माण कार्य अधूरा है। इससे इन गांवों के प्रधान और सचिव घर से काम करते हैं। ग्रामीण योजनाओं का लाभ लेने के लिए ब्लॉक और तहसील कार्यालय के चक्कर लगाते हैं। जनपद के 16 ब्लॉकों में कुल 1238 ग्राम पंचायतें हैं। 13 ग्राम पंचायतों को छोड़कर सभी ग्राम पंचायतों में पंचायत भवन हैं। पंचायत भवन होने से गांवों में विकास कार्य धरातल पर उतारने में सहूलियत मिलती है। वहीं पंचायतीराज विभाग के अधिकारियों का कहना है कि पंचायत भवनों के अधूरे होने का मुख्य कारण जमीन विवाद है। कुछ मामले न्यायालय में विचाराधीन है। पंचायत भवन ग्राम पंचायत का मुख्य कार्यालय होता है। जहां ग्राम पंचायत की बैठकें होती हैं। विभिन्न सरकारी योजनाओं और कार्यक्रमों का क्रियान्वयन की रूपरेखा तैयार की जाती है।

## चकबंदी कानूनगो व लेखपाल पर भ्रष्टाचार का आरोप

**अमरोहा (उत्तरशक्ति)।** पैमाइश के नाम पर दो अलग-अलग मामलों में छह लाख तीस हजार की रकम लेने का आरोप हल्का लेखपाल व कानूनगो पर लगाया है। इस मामले में दो लेखपाल व एक चकबंदी कानूनगो के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई कोर्ट के आदेश पर की गई है। थानाक्षेत्र के गांव जयतौली निवासी चंद्रपाल सिंह का कहना है कि गांव में चकबंदी प्रक्रिया चल रही है। चक की पैमाइश के नाम पर चकबंदी कानूनगो और लेखपाल के द्वारा डेढ़ लाख की रकम मांगी गई थी। दोनों को एक लाख तीस हजार की रकम दी गई। रकम लेने के बाद भी कानूनगो व लेखपाल टालमटोल करते रहे। रकम वापसी मांगी तो वापस नहीं की गई। उन्होंने लेखपाल व कानूनगो पर गाली-गलौज और धमकी देने का भी आरोप लगाया है। कहा कि इस घटना से वह शारीरिक और दिमागी रूप से परेशान है। सीओ दीप कुमार पंत ने बताया कि मामले में कोर्ट के आदेश पर चकबंदी कानूनगो विनीत गुप्ता व लेखपाल शैलेंद्र सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। उधर, गांव रहरा थाना क्षेत्र के गांव जयतौली निवासी कोशिन्द्र का कहना है कि गांव में चकबंदी प्रक्रिया चल रही है। चक बनवाने के नाम पर हल्का लेखपाल को पांच लाख की रकम दी गई थी, ना तो काम ही हुआ और ना रकम लौटाई। अभद्रता करते हुए झूठा केस लगवाने की धमकी दी गई।

## सांड़ के हमले से होमगार्ड की मैत

**अमरोहा।** गांव पुटसल निवासी होमगार्ड किरनपाल (48) पर बृहस्पतिवार सुबह सांड़ ने हमला कर दिया। सांड़ ने होमगार्ड को सींग पर उठाकर पटक दिया। ग्रामीणों ने किसी तरह सांड़ को भगाकर उन्हें बचाया। गंभीर हालत में परिजन होमगार्ड को अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सैदगगली थानाक्षेत्र के गांव पुटसल निवासी होमगार्ड किरनपाल की आदमपुर थाने में ड्यूटी चल रही थी। बृहस्पतिवार सुबह करीब आठ बजे वह खेत पर जाने के लिए घर से निकले थे।

# बग्गा के नेतृत्व में व्यापारियों ने फूंका पाकिस्तान का झंडा

### कश्मीर में 28 पर्यटकों की नृशंस हत्या के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग हेतु भारत सरकार को ज्ञापन

**सुरेश गांधी**

**वाराणसी (उत्तरशक्ति)।** उरी, पठानकोट, पुलवामा जैसे आतंकवादी हमलों का करारा जवाब देने के बावजूद, कश्मीर में इस प्रकार के हमले रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। यह बात एक बार फिर स्पष्ट हो गई है, कश्मीर के पहलगाम में हुए इस भीषण आतंकी हमले से वहां आतंकवादियों ने भारतीय पर्यटकों का धर्म पूछकर 26 लोगों की बेरहमी से हत्या कर दी। इस हमले से आक्रोषित व्यापारियों ने पाकिस्तान का झंडा फूंका. वाराणसी व्यापार मंडल के अध्यक्ष अजित सिंह बग्गा ने कहा यह घटना केवल आतंकियों की क्रूरता ही नहीं, बल्कि भारत की संप्रभुता और हिंदू समाज पर हुआ एक सीधा हमला है। यह जिहादी आक्रमण, कश्मीरी हिंदुओं के नरसंहार का ही अगला चरण है। इस पर केवल निंदा न करते हुए, भारत सरकार को चाहिए कि वह इन जिहादी आतंकियों और उनके भारत में मौजूद समर्थकों के खिलाफ ऐसी कठोर सैन्य कार्रवाई करे, जो उनके लिए आजीवन सबक बन जाए झ ऐसी मांग हिन्दू जनजागृति समिति ने भारत सरकार से वाराणसी के जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार को ज्ञापन देकर किया। इस समय वाराणसी व्यापार मंडल के



अध्यक्ष अजीत सिंह बग्गा, प्रदेश मंत्री रमेश निरंकारी, राष्ट्रीय मंत्री विश्व हिंदू महासंघ अधिवक्ता जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव, हिंदू युवा वाहिनी प्रदेश उपाध्यक्ष मनीष पांडे, अधिवक्ता सजीवन यादव, अधिवक्ता मदन मोहन, भारतीय पथ विक्रेता संघ अध्यक्ष आशीष गुप्ता, रवि श्रीवास्तव, हिन्दू जनजागृति समिति के राजन केशरी आदि उपस्थित थे। इस हमले में मारे गए 26 पर्यटक देश के विभिन्न राज्यों से थे, जिससे यह स्पष्ट होता है कि आतंकवादियों का उद्देश्य पूरे देश में दहशत फैलाना था। हत्या के जो वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रही हैं, वे देखकर लगता है कि यह क्रूरता मानवता को भी शर्मसार करने वाली है। पिछले कुछ समय से हिंदू व्यवसायियों, कर्मचारियों और कश्मीरी हिंदुओं पर लगातार हमले हो रहे हैं। केंद्र सरकार ने अनुच्छेद 370 को हटाकर कश्मीर को भारतीय संविधान की पूर्ण रूपरेखा में लाया, चुनाव कराए, विकास के प्रयास किए; फिर भी आतंकी गतिविधियाँ थमने का नाम नहीं ले रहीं। ऐसे भयानक आतंकी हमले स्थानीय लोगों की मिलीभगत के बिना संभव नहीं हैं।

वर्ष 1990 में 90,000 हिंदुओं की हत्या और साढ़े चार लाख कश्मीरी हिंदुओं का जबरन पलायन इसी षड्यंत्र के तहत किया गया था। अब हो रहे ये हमले उसी साजिश की अगली कड़ी हैं। अतः इस हमले में कौन-से संगठन, नेता या जिहादी आतंकी शामिल हैं, यह पता लगाकर उनके खिलाफ ह्यआतंकवाद विरोधी कानूनों के अंतर्गत कठोर कार्रवाई कर उन्हें स्थायी सबक सिखाया जाना चाहिए, ऐसी मांग समिति ने की है। इसके साथ ही समिति ने यह भी मांग की कि, कश्मीर घाटी में व्यापक ह्यकॉम्बिंग ऑपरेशन चलाकर आतंकियों का संपूर्ण खात्मा किया जाए। जिन इलाकों से बार-बार आतंकी हमले हो रहे हैं, वहां स्थायी सैन्य ठिकाने बनाए जाएं। कश्मीर में बचे हुए हिंदू पर्यटकों, व्यवसायियों और कश्मीरी पंडितों की सुरक्षा हेतु विशेष सुरक्षा योजना लागू की जाए।

## पहलगाम घटना के विरोध में मुसलमानों ने फूंका पाकिस्तान का झंडा

**लखनऊ (उत्तरशक्ति)।** पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकी हमले के विरोध में शुक्रवार को जुमा की नमाज के बाद मुसलमानों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान पाकिस्तान का झंडा जलाकर गुस्से और गम का इजहार किया गया। शहर की तमाम मस्जिदों में कश्मीर सहित देश भर से आतंकवाद के खात्मे और अमन व शांति की दुआ मांगी गई। साथ ही पाकिस्तान की साजिश को नाकाम करने के लिए आपसी मोहब्बत और एकता को मजबूत करने का आहवान किया गया। प्रदर्शन के बाद दो मिनट का मौन रखकर मृतकों को श्रद्धांजलि देने के साथ ही पाकिस्तान और इसराइल को आतंकी देश घोषित करने की मांग भी उठाई गई। बड़ा इमामबाड़ा स्थित आसिफी मस्जिद में जुमा की नमाज के बाद प्रदर्शन की अगुवाई करते हुए मजलिसे उलमा ए हिन्द के महासचिव मौलाना सैयद कल्बे




जवाद नकवी ने पाकिस्तान को पापिस्तान बताते हुए कहा कि पाकिस्तान से जिस तरह के बयान आए हैं उससे जाहिर होता है वो हिन्दू और मुसलमानों को आपस मे लड़ना चाहता है। लिहाजा हमें उसकी साजिश को नाकाम करने के लिए आपस मे मिलजुल कर मोहब्बत और एकता को मजबूत करना होगा। उन्होंने कहा कि जो भी लोग हिंदू और मुसलमानों के बीच नफरत फैलाना चाहते हैं वो चाहे हिंदू हो या मुसलमान वो पाकिस्तान के एजेंट हैं। उन्होंने कहा कि अब वक्त आ गया है कि भारत से अलग हुए देशों को मिलाया जाए। उन्होंने कहा कि मारने वाले आतंकी मुसलमान नही है बल्कि पर्यटकों को बचाने वाले कश्मीरी नौजवान मुसलमान हैं। उन्होंने पहलगाम में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि कुछ कट्टरपंथी गाजा में महिलाओ और बच्चों की हत्या पर खुशी मना रहे थे। उनको समझना होगा कि मौत का दर्द सबका बराबर होता है। उन्होंने पाकिस्तान और इसराइल को आतंकी देश घोषित करने की मांग की। इस मौके पर मौलाना सरताज हैदर, मौलाना रजा हुसैन, मौलाना आदिल फराज मुख्य रूप से मौजूद रहे। टीले वाली मस्जिद में बड़ी संख्या में नमाजी काली पट्टी बांधकर शामिल हुए। नमाज के बाद पाकिस्तान और आतंकवाद के खिलाफ प्रदर्शन हुआ। टीले वाली मस्जिद के इमाम मौलाना फजले मन्नान रहमानी ने दो मिनट का मौन रखकर पहलगाम में मारे गए पर्यटकों को श्रद्धांजलि दी। मौलाना ने कहा कि कोई भी मजहब बेगुनाहों की हत्या करने की इजाजत नही देता है। उन्होंने पहलगाम में पर्यटकों की हत्या करने वालो को सख्त सजा देने की मांग की। प्रदर्शन में शामिल स्व. डॉ कल्बे सादिक के बेटे शिया धर्मगुरु मौलाना कल्बे सिबतैन नूरी ने कहा कि अब वक्त आ गया है कि पीओके में आतंकी शिविरों पर हमला कर खत्म किया जाए। उन्होंने कहा कि पहलगाम की घटना के बाद अगर में बेगुनाह मुसलमानों को निशाना बनाया गया है। उन्होंने कहा कि ऐसी मानसिकता के लोग देश और हिदुओं के दुश्मन है और नफरत का माहौल बनाना चाहते हैं। सरकार उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही करें।

## तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से बालक की मौत




**बस्ती ,वाल्टरगंज।** बस्ती डुमरियागंज मार्ग पर भुजैनिया गांव के समीप बृहस्पतिवार सुबह लगभग साढ़े छ बजे तेज गति से आ रही कार की चपेट में आने से साइकिल सवार आठ वर्षीय बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिवार के लोगों ने घायल आठ वर्षीय राज चौधरी पुत्र राम सुरेश चौधरी निवासी भुजैनिया थाना वाल्टरगंज को पीएचसी सल्टौआ पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहां के चिकित्सक ने मेडिकल कालेज कैली रेफर कर दिया। कुछ देर इलाज के बाद मासूम की मौत हो गई। मौत की खबर से उसकी मां पूजा देवी, भाई रेहंस, पिता राम सुरेश सहित परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने बताया कि वह जिनवा चौराहे से कुछ सामान लेकर घर लौट रहा था। सामने से कार लेकर आ रहा चालक उसे टक्कर मारकर भाग गया। राज दो भाइयों में सबसे बड़ा था। वह सल्टौआ में दूसरी कक्षा का छात्र था। थानाध्यक्ष उमा शंकर तिवारी ने बताया कि मृतक के बाबा जवाहिर लाल की तहरीर के आधार पर अज्ञात कार चालक के विरुद्ध केस दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## मोशन एजुकेशन ने पटना में शुरू किया द्रोणा रेसिडेंशियल कैंपस, छात्रों को मिलेगी अत्याधुनिक सुविधाएं



**पटना (उत्तरशक्ति)।** देश की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान मोशन एजुकेशन ने राजधानी में एक अनोखे तरह के भव्य रेसिडेंशियल कैंपस का शुभारम्भ किया, जहां एक ही छत के नीचे छात्रों को सारी अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ शिक्षा प्रदान की जाएगी। एम्सझदीघा नहर रोड में महावीर नगर स्थित इस रेसिडेंशियल कैंपस का शुभारंभ पूरे बिहार से आए वरिष्ठ शिक्षकों ने फीता काटकर किया। मौके पर संस्थान के निदेशक राहुल सिंह ने बताया कि इस कैंपस में एक ही छत के नीचे छात्रों को सारी सुविधाएं मिलेंगी जैसे क्लासरूम, हॉस्टल, वातानुकूलित कैंपस, डाउट क्लासेज, लाईब्रेरी, इनडोर गेम्स के साथझसाथ भोजन की गुणवत्ता एवं सुरक्षा प्रदान की जाएगी। उन्होंने ये भी बताया कि इस कैंपस को शुरू करने का एक मात्र ध्येय यही है कि बिहार के छात्रों को पटना में ही सारी उच्च स्तरीय सुविधाएं प्रदान कर दी जाए ताकि उनको कोटा जाने की आवश्यकता ही न पड़े। यहां के सारे शिक्षक भी कोटा से ही हैं जिनके मार्गदर्शन में बच्चों को उच्च स्तर की शिक्षा प्रदान होगी। इस तरह का ये एक मात्र कैंपस है जो पटना में स्थित है और कोटा के समकक्ष है। उद्घाटन के पश्चात संस्थान के द्वारा सभी शिक्षकों को कैंपस का भ्रमण कराया गया। सभी शिक्षकों ने इसे बहुत सराहा एवं संस्थान को शुभकामनाएं दी। शिक्षकों ने संस्थान के निदेशक राहुल सिंह के इस अभूतपूर्व प्रयास के लिए उन्हें काफी सराहा और साथ ही कहा कि इनका ये कदम बिहार के शिक्षा में एक क्रांतिकारी पहल है। मौके पर मोशन एजुकेशन से जुड़े सभी कर्मचारीगण की उपस्थिति रही।

## बिंद समाज विकास संघ के गाजीपुर जिला अध्यक्ष गुलाब बिंद द्वारा निशुल्क गैस सिलेंडर वितरण संपन्न

**गाजीपुर (उत्तरशक्ति)।** गुरुवार को बिंद समाज विकास संघ गाजीपुर जिला अध्यक्ष की धर्मपत्नी सदर गाजीपुर क्षेत्र की पूर्व ब्लाक प्रमुख उर्मिला बिंद ने अपने क्षेत्र वासियों को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत लगभग 50 गैस सिलेंडर और चूल्हा, बाटकर लाभार्थियों को लाभ पहुंचाने में मदद की। उर्मिला बिंद गाजीपुर की एक सशक्त महिला समाजसेविका के रूप में जानी जाती हैं। इनका जीवन लोगों की भलाई परोपकार निस्वार्थ सेवा के रूप में समर्पित रहता है। गाजीपुर में एक कुशल राजनीतिक क्षेत्र में भी बड़ी पहचान के रूप में अपनी राजनीतिक पकड़ बनाई हुई है। उनके पति गुलाब बिंद एक वरिष्ठ समाजसेवी और कुशल सामाजिक प्रवक्ता के




रूप में हर क्षेत्र में अपने कार्यों, अपने प्रेम परोपकार मेहनत से लोगों के दिलों में जगह बनाकर समाज सेवा का काम करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि बिंद समाज विकास संघ एक ऐसा संगठन है जो भारत के कोने कोने में अपनी कुशल सामाजिक राजनीतिक और शैक्षणिक स्तर पर सामाजिक और गैर सामाजिक लोगों की मदद के लिए हर समय खड़े रहता है। ऐसे संगठन के माध्यम से अपील करता हूं कि समाज के लोग सभी महिला पुरुष मिलकर इस संगठन के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़े और सदस्य बनकर संघ को मजबूत करने का काम करें। उर्मिला बिंद और गुलाब बिंद ने संघ के कार्यकताओं को बहुत-बहुत धन्यवाद दिया कि संघ ने हमें गाजीपुर का जिला अध्यक्ष बनाकर गांव समाज देश की सेवा करने का मौका दिया।

# आगरा में दो मुस्लिम युवकों की हत्या

**आगरा (उत्तरशक्ति)।** आगरा के थाना ताजगंज में मुस्लिम युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस हत्याकांड के बाद सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ। इसमें कथित हिंदूवादी संगठन के नाम पर दो युवकों ने हत्या की जिम्मेदारी ली। ये वीडियो तेजी से वायरल हुआ, तो पुलिस भी एक्शन में आ गई। पुलिस ने इस वीडियो को गलत बताते हुए इसका खंडन किया है। साथ ही ऐसे तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की बात कही है। ताज के हाई सिक्योरिटी जोन के नजदीक ताजनगरी फेज-1 में बुधवार रात को बदमाशों ने रेस्तरां संचालक के चचेरे भाई की सीने में गोली मारकर हत्या कर दी। दूसरी गोली चलाई, जोकि कर्मचारी की गर्दन को रगड़ती हुई निकल गई। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। दुस्साहसिक वारदात के बाद बदमाश बाइक से भाग निकले। घटना से इलाके में दहशत फैल गई। पुलिस सीसीटीवी फुटेज से हमलावरों की तलाश में लगी है। वहीं इस घटना के बाद एक आपत्तिजनक वीडियो बृहस्पतिवार को वायरल हुआ। इसमें दो युवक आपत्तिजनक बातें कह रहे हैं। सांप्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने की बातें कही गई हैं। हत्याकांड को अंजाम देने का दावा भी कर रहे हैं। हालांकि ये युवक दो युवकों की हत्या की बात कर रहे हैं, पहला झूठ तो ये ही है। फायरिंग में गुलफाम नाम के युवक की जान गई, वहीं सैफ नाम के दूसरे युवक की गर्दन से गोली रगड़ते हुए चली गई। कथित हिंदूवादी संगठन के नाम पर युवकों द्वारा वीडियो जारी करने को लेकर आगरा पुलिस ने एक्स पर पोस्ट किया है। पुलिस ने साफ-साफ कहा है कि सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों से माइक्रोब्लॉगिंग साइट्स द्वारा एक झूठी खबर फैलाई जा रही है। थाना ताजगंज क्षेत्र में 23 अप्रैल को हुई घटना के समय मृतक के तीन साथी मौके पर मौजूद थे उनमें से किसी एक के द्वारा भी कोई ऐसी बात परिजनों तथा पुलिस टीम को नहीं बताई गई है। अतः आप भ्रामक तथा गैरजिम्मेदाराना पोस्ट कदापि न करें। मौके पर भोजन को लेकर विवाद सामने आया है। पुलिस की तफ्तीश में नाम प्रकाश में आए हैं। पुलिस टीम द्वारा शीघ्र ही अभियुक्तों की गिरफ्तारी कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। घायल सैफ अली ने बताया कि बुधवार रात को 12 बजे के बाद रेस्तरां बंद करने की तैयारी चल रही थी। वह सभी सामान समेटने में लगे हुए थे। इसी बीच बाइक से आए तीन युवकों ने कुछ दूरी पर बाइक खड़ी कर दी। दो युवक रेस्तरां पर पहुंचे। गुलफाम ने कहा कि क्या चाहिए, रेस्तरां तो बंद हो चुका है। तभी एक युवक ने पिस्टल निकाली और गुलफाम के सीने से सटाकर गोली मार दी।

## कृषक इंटर कॉलेज के सभागार में पहलगाम मृतकों को शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने दी श्रद्धांजलि

**बस्ती ,गौर।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों के कायराना हमले से हर तरफ लोगों में गुस्सा है। बृहस्पतिवार को कृषक इंटर कॉलेज के सभागार में प्रधानाचार्य अरविंद कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने मृतकों को श्रद्धांजलि दी।

इस दौरान आतंकवाद की निंदा की गई। सरकार से हमले के दोषी आतंकवादियों को कठोर सजा देने की मांग की गई, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हो। प्रधानाचार्य ने कहा कि जिस तरह से पर्यटकों की धर्म के आधार पर नृशंस हत्या की गई, वह निंदनीय है।

इस मौके पर पवन कुमार शुक्ल, धर्मेंद्र कुमार, अनीस अहमद खान, प्रत्यूष कुमार सिंह, संतोष शुक्ल, दुर्गा प्रसाद दुबे, अभय कुमार उपाध्याय, संदीप त्रिपाठी, मीरावती उपाध्याय, हीरालाल आदि मौजूद रहे। ब्लॉक क्षेत्र के विशेषरगंज बाजार में बुधवार की देर शाम कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकवादी हमले के विरोध में लोगों ने कैंडल मार्च निकाला। मृतकों को श्रद्धांजलि दी व सरकार से आतंकवादी संगठनों को मिटा देने की मांग की। कहा कि भारत की बढ़ती ताकत को देखकर पाकिस्तानी आतंकी बौखला गए हैं। इस घटना से देशवासी दुखी हैं।

## पुलिस की कार्यशैली से करणी सेना में आक्रोश

**अमेठी।** पुलिस की कार्यप्रणाली से खफा करणी सेना के पदाधिकारी बृहस्पतिवार को एसपी कार्यालय पहुंचे। उन्होंने एसपी कार्यालय गेट पर प्रदर्शन करने के बाद ज्ञापन सौंपकर मांगें पूरी करने की मांग की। संगठन के पदाधिकारी प्रदीप सिंह ने बताया कि संग्रामपुर थाने से निरीक्षक संदीप राय का 11 माह पूर्व ही स्थानांतरण हो चुका है, लेकिन अभी तक उन्हें रिलीव नहीं किया गया है। आरोप है कि वह स्थानांतरण के बावजूद पद पर बने हुए हैं और जनता की शिकायतों को नजरअंदाज कर रहे हैं।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि वह लगातार भ्रष्टाचार में लिप्त हैं और फरियादियों का उत्पीड़न कर रहे हैं। प्रदर्शन के दौरान करणी सेना ने चेतावनी दी कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन उग्र आंदोलन करेगा। इस मौके पर बड़ी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे।










